लोक सभा **सचिवालय**
कैंप इंदौर

सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के बारे में दक्षिण एशियाई देशों के अध्यक्षों का शिखर सम्मेलन कल से इंदौर में शुरू होगा

इंदौर, 17 फरवरी, 2017 : सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के बारे में दक्षिण एशियाई देशों के अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन कल अर्थात 18 फरवरी, 2017 को 10.00 बजे होटल रैडिसन ब्लू, इंदौर में होगा । इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन करेंगी।

श्रीमती महाजन के अलावा, इस शिखर सम्मेलन में लोक सभा के उपाध्यक्ष, डॉ एम् तंबिदुरै; अंतर संसदीय संघ के अध्यक्ष, श्री साबिर चौधरी; अफ़ग़ानिस्तान की नेशनल असेंबली के स्पीकर, श्री अब्दुल रऊफ इब्राहिमी; बांग्लादेश की संसद की स्पीकर, डॉ शिरीन शर्मिन चौधरी; भूटान की नेशनल असेंबली के स्पीकर, श्री जिग्मे ज़ांग्पो; भूटान की नेशनल काउंसिल के डिप्टी चेयरपर्सन, श्री शेरिंग दोरजी; श्रीलंका की संसद के स्पीकर, श्री कारू जयसूर्या; मालदीव की संसद के स्पीकर, श्री अब्दुल्ला मसीह मोहम्मद; नेपाल की संसद की अध्यक्ष, सुश्री ओनसारी घरती और इस सम्मेलन में भाग ले रहे देशों के संसद सदस्य शामिल होंगे । मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष, डॉ सीतासरन शर्मा और अन्य विशिष्टजन भी इस उद्‌घाटन समारोह में शामिल होंगे।

इस शिखर सम्मेलन में *दक्षिण एशिया में सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए संसाधनों का पता लगाना : संसदीय सहयोग के अवसर* विषय पर पूर्ण सत्र होगा । इस सत्र में प्रतिनिधियों को दक्षिण एशियाई क्षेत्र में सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी जाएगी और उन तौर-तरीकों के बारे में चर्चा की जाएगी जिनसे संसदें यह सुनिश्चित कर सकती हैं कि राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सतत विकास लक्ष्यों संबंधी रणनीतियों के कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त वित्तीय और अन्य संसाधन उपलब्ध हों ।

सतत विकास के महत्वपूर्ण कारक के रूप में महिला-पुरुष समानता विषय पर आयोजित किए जा रहे कार्य सत्र में महिला-पुरुष अनुपात का संतुलन बनाने और सतत विकास की नीतियों के महिलाओं पर सकारात्मक प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए सतत विकास लक्ष्यों के तहत उपलब्ध अवसरों पर चर्चा की जाएगी । *जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की चुनौती के साथ प्रभावी ढंग से निपटना : क्षेत्रीय संसदीय सहयोग के अवसर* विषय पर आयोजित किए जा रहे एक अन्य कार्य सत्र में यह चर्चा की जाएगी कि इस क्षेत्र की संसदें जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियों का सामना करने के लिए किस प्रकार सहयोग कर सकती हैं और संसाधनों का आदान-प्रदान कर सकती हैं ।

शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन अर्थात 19 फरवरी, 2017 को 12.00 बजे 'इंदौर घोषणा' स्वीकार किये जाने का प्रस्ताव है ।

इस शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों के लिए भारत की विरासत को दर्शाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । प्रतिनिधि और उनके साथ आए विशिष्टजन 20 फरवरी, 2017 को सम्मेलन के बाद मांडू के दौरे पर जाएंगे ।

आज से इंदौर में प्रतिनिधियों का आगमन शुरू हो गया है।

Lok Sabha Secretariat
Camp: Indore

SOUTH ASIAN SPEAKERS' SUMMIT ON ACHIEVING SUSTAINABLE DEVELOPMENT GOALS BEGINS TOMORROW IN INDORE

Indore, 17 February 2017: The South Asian Speakers' Summit on Achieving Sustainable Development Goals begins in Hotel Radisson Blu in Indore tomorrow, *i.e*. 18 February 2017 at 1000 hrs. The two-day Summit will be inaugurated by Lok Sabha Speaker Smt. Sumitra Mahajan.

Besides Smt. Mahajan, the Summit is being attended byDr. M. Thambidurai, Deputy Speaker, Lok Sabha; Mr. Saber Chowdhury, President, Inter-Parliamentary Union (IPU); Mr. Abdul Raouf Ibrahimi, Speaker of *National Assembly of*Afghanistan; Dr. Shirin Sharmin Chaudhury, Speaker of Parliament of Bangladesh; Mr. Jigme Zangpo, Speaker of National Assembly of Bhutan; Mr. Tshering Dorji, Deputy Chairperson of National Council of Bhutan; Mr. Karu Jayasuriya, Speaker of Parliament of Sri Lanka; Mr. Abdulla Maseeh Mohamed, Speaker of Parliament of Maldives; Ms. Onasari Gharti, Speaker of Parliament of Nepal, and Members of Parliaments from the participating countries. Speaker of Madhya Pradesh Vidhan Sabha Dr. Sitasaran Sharma and other dignitaries will also grace the Inaugural function.

The Summit will have a Plenary Session on *Identifying Resources for SDGs Implementation in South Asia: Opportunities for Parliamentary Cooperation*. The Session will inform the Delegates about the implementation of SDGs in South Asian region and will discuss ways in which Parliaments can ensure that adequate financial and other resources accompany implementation of national and regional SDGs strategies.

The Working Session on *Gender Equality as a critical factor for Sustainable Development* will discuss opportunities that the SDGs present to strike a better gender balance, and to determine the gender impact of sustainable development policies. The other Working Session on *Dealing Effectively with the Challenge of Climate Change and Natural Disasters: Opportunities for Regional Parliamentary Cooperation* will discuss how Parliaments of the region can cooperate and share resources to address the challenges of climate change and natural disasters.

The Summit proposes to adopt '**Indore Declaration**' at the Closing Ceremony at 1200 hrs on 19 February 2017.

During the Summit, cultural programme, highlighting the heritage of |India, will be showcased for the Delegates. The Delegates and accompanying persons will leave for *Mandu* on a Post Conference Tour on 20 February 2017.

The Delegates have already started arriving in Indore today.